मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 04 सितम्बर 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	04/09/15	05/09/15	06/09/15	07/09/15	08/09/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	35	35	35	36	36
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	25	25	25	26	26
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	3	3	3	2	2
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	51	51	52	51	50
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	22	20	21	22	20
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	4	5	6	7	5
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

शुष्क मौसम को ध्यान में रखते हुए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि कपास व दलहनी फसलों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।

बाजरा की फसल में सिट्टे निकलते तथा दाना बनते समय भूमि में नमी की कमी नहीं होनी चाहिए अतः इस समय सिंचाई अवश्य करें।

मूंग की फसल में फूल एवं फलियॉ बनने की अवस्था पर रस चूसने वाले कीटों का प्रकोप हो तो इमिडाक्लोप्रिड 200 एस.एल की 500 मि.ली. मात्रा का प्रति हैक्टयर की दर से प्रभावित फसल पर छिड़काव करें।

तिल की फसल में फली छेदक कीट का प्रकोप दिखाई देने पर एक लीटर क्यूनालफॉस 25 ई.सी. का प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव करें।

पशुओं को हवादार स्थान पर रखें तथा समय समय पर उन्हें पीने का पानी दें।

(नौडल ऑफीसर)